बहूभाषी मासिक अख़बार

सदा-ए-बुलंद

RNI NO.: UPMUL/2023/90347

हमारी क़लम इन्साफ़ तक...

शाहजहाँपुर से प्रकशित

वर्ष :03 अंकः 17 06 शाहजहाँपुर से तीनों ज़ुबानों हिन्दी, ऊर्दू, इंग्लिश एक साथ पहली बार शहजहाँपुर मई 2026 पृष्ठ.8 मूल्य : 5 रूप्ये

बंगलादेश बना दुनिया का सबसे बड़ी फौज वाला देश

(आलम ए नजर– सदा ए बुलंद न्यूज) ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2026 की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश 70 लाख से अधिक सैन्य कर्मियों के साथ दुनिया में पहले स्थान पर है। यह आंकड़ा थोड़ा चौंकाने वाला है, क्योंकि चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी सक्रिय सेना है।

ग्लोबल फायरपावर की मार्च 2026 की रिपोर्ट में दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं को उनके कुल सैनिकों की संख्या के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है।

इसमें सक्रिय सैनिक, रिजर्व सैनिक और अर्धसैनिक बल शामिल हैं। परिणामों में देखा गया कि बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों ने अपनी रिजर्व फोर्स में लाखों सैनिक शामिल कर इस लिस्ट में ऊँचा स्थान प्राप्त किया है। बांग्लादेश की एक्टिव सेना में लगभग 2 लाख सैनिक हैं, लेकिन उसके रिजर्व फोर्स और अर्धसैनिक नेटवर्क के कारण कुल सैनिक संख्या 70 लाख के करीब पहुँच जाती है, जिससे यह वैश्विक रैंकिंग में पहले स्थान पर है।

फिलिस्तीनियों के खिलाफ बिल पास होने पर,इजरायल सांसद में शराब की बोतलें खोलकर मनाया जश्न

(सदा ए बुलंद न्यूज/आलम ए नजर) इजराइल की संसद (नैसेट) ने सोमवार को फिलिस्तीनी अपराधियों को सजा देने वाला बिल पास कर दिया है। इसके तहत वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों को इजराइली नागरिकों की हत्या करने या आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने पर सीधे मौत की सजा दी जा सकेगी। इसमें अपील का भी कोई अधिकार नहीं होगा। सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के अंदर फांसी दी जाएगी। यह कानून राष्ट्रवादी या आतंकवादी इरादे से की गई हत्याओं पर लागू होगा। हालांकि, अदालत को विशेष कारणों के तहत उम्रकैद की सजा देने का भी अधिकार होगा। यह बिल राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इत्तमार बेन ग्विर ने आगे बढ़ाया था। बिल पास होने के बाद बेन ग्विर और दूसरे सांसदों ने संसद में ही शैंपेन की बोतल खोलकर जश्न मनाया। उन्होंने कहा, "आज इजराइल खेल के नियम बदल रहा है, जो यहूदियों की हत्या करेगा, वह सांस नहीं ले सकेगा।" बेन ग्विर ने पहले धमकी दी थी कि अगर बिल पर वोट नहीं कराया गया तो उनकी पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लेगी।

बिजली बिल का संकट,आम जनता को लग रहा हाई करंट

(सदा ए बुलंद न्यूज) पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पोस्ट से बिजली कंपनियों को पहले से भुगतान करने के बावजूद भी बिजली के लिए भटक रहे लोग, 'प्रीपेड पीड़ित' कहे जा रहे हैं। इनमें भी सबसे अधिक दिक़्क़तें उन आम लोगों को हो रही है जो किराये पर रह रहे हैं क्योंकि तनख़्वाह–वेतन तो एडवांस नहीं मिलता है लेकिन बिजली–किराये का पैसा पहले देना पड़ता है। और जब बिजली नहीं आती है तो बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मजबूर और गरीब लोगों को दूसरे साधनों का प्रबंध करने के लिए भी अलग

पड़ता है।

से ख़र्चा करना

इस समय जबकि गैस सिलेंडर न मिल पाने के कारण लोग खाना व अन्य कामों के लिए बिजली के दूसरे उपकरणों पर निर्भर हैं, ऐसे में पहले से पैसे देने के बावजूद भी बिजली नहीं मिल पाना सरकार की वो नाकामी है जिसका ख़ामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। भाजपा जाए तो बिजली आए!

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का बड़ा आरोप: हेमंता बिस्वा सरमा की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट हैं

(असम/सदा ए बुलंद न्यूज) ये अपराध है– इसकी कड़ी जांच होनी चाहिए– कांग्रेस जिस असम के मुख्यमंत्री की राजनीति रोटियां मुसलमानों से सिकती हों, उसकी पत्नी 2 मुस्लिम देशों के पास पोर्ट रखती हो और

तीनों पासपोर्ट अलगदृअलग देशों UAE इजिप्ट, Antigua and Barbuda के हैं'

'जिस CM की राजनीति मुस्लिमों पर चलती हो, उसकी पत्नी 2 मुस्लिम देशों के पासपोर्ट रखती है'

'क्या गृहमंत्री अमित शाह को ये जानकारी थी कि उनके दत्तक पुत्र हेमंता बिस्वा सरमा की बहू 3 पासपोर्ट रखती है' पवन खेड़ा ने तीनों पासपोर्ट की कॉपी दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान स्क्रीन पर दिखाई है।

9 पुलिसकर्मियों को कोर्ट की सजा ए मौत

(तमिलनाडु –सदा ए बुलंद न्यूज) तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को स्थानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई।

दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे।मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य की CB&CID से लेकर CBI को सौंपी गई थी। एजेंसी ने एक इंस्पेक्टर, दो सब–इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मियों समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल ने बयान दिया कि पिता–पुत्र को पूरी रात पीटा गया था। थाने में टेबल और लाठियों पर खून के निशान थे। यह गवाही मामले में अहम सबूत बनी।

संपादक की कलम से...

बहार मोहम्मद उर्फ शेख़ मौलाना शाही बहार-ए-आलम कादरी रिज़वी

जब शब्द भूख से दम तोड़ दें, आह की भी आवाज न निकले

(सदा ए बुलंद न्यूज)

इतिहास गवाह है कि मिम्बर (मस्जिद का चबूतरा) से हमेशा हौसले और हिदायत की आवाजें गूँजी हैं। लेकिन फिलिस्तीन की उस सरजमीन पर, जहाँ की मिट्टी शहीदों के खून से सुर्ख है, एक जुमे को तारीख़ ने सबसे छोटा और सबसे दर्दनाक ख़ुतबा सुना।

एक इमाम खड़ा होता है, उसका जिस्म भूख से काँप रहा है, उसकी आँखें गड्ढों में धँसी हैं, और वह कहता हैरू

''मैं बहुत भूखा हूँ, मुझमें खड़े होने की हिम्मत नहीं... और तुम भी भूखे हो। आओ, बस सफें सीधी करें और नमाज पढ़ें''

इन चंद अलफाज ने वह कह दिया जो हजारों किताबों के शब्द नहीं कह सकते थे।

यह ख़ुतबा नहीं था, यह पूरी इंसानियत की लाश पर पढ़ा गया मर्सिया (शोक गीत) था।

सोई हुई उम्माह और अरब जगत की ख़ामोशीआज जब गजा की गलियों में भूख और प्यास की नंगी नाच हो रही है, तब तेल की दौलत से लबरेज अरब देशों के दस्तरख़्वान तरह–तरह के व्यंजनों से सजे हैं।

अपराधबोध की चुप्पीः वह अरब देश, जो इस्लाम के मरकज (केंद्र) होने का दावा करते हैं, आज महज तमाशबीन बने हुए हैं। उनकी सरहदें बंद हैं, उनकी नीतियां समझौतों की बेड़ियों में जकड़ी हैं, और उनकी जुबानें कूटनीति के डर से सिली हुई हैं।

दिखावटी हमदर्दीः कुछ प्रस्ताव पास कर देना या दवाइयों के चंद डिब्बे भेज देना क्या उस जिम्मेदारी का हक अदा करता है जो खुदा ने उन्हें दी थी?

हदीस के मुताबिक, 'मुसलमान एक जिस्म की तरह हैं, अगर जिस्म के एक हिस्से में दर्द हो तो पूरा जिस्म बेचौन हो जाता है।'

लेकिन यहाँ फिलिस्तीन का हिस्सा कट कर अलग हो रहा है, और बाकी जिस्म जश्न मना रहा है।

जुल्म की दास्तानः भूख जब हथियार बन जाए फिलिस्तीन पर होने वाला जुल्म सिर्फ बमों और मिसाइलों तक सीमित नहीं है।

अब जुल्म का एक नया चेहरा सामने आया हैकृ

'सुनियोजित भुखमरी।''

माँओं का दूध सूख चुका है क्योंकि माँओं के सीने में ममता तो है पर पोषण नहीं।

बूढ़े बाप अपने बच्चों की भूख नहीं मिटा पा रहे हैं ।

वह समाज, जो कभी अपनी मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता था, आज घास और जानवरों का चारा खाने पर मजबूर है।यह केवल एक जायोनी ताकत का जुल्म नहीं है, बल्कि उन तमाम मुस्लिम मुल्कों की मिलीभगत है जिन्होंने अपनी जमीर का सौदा अपनी कुर्सियों और तिजोरियों के बदले कर लिया है।

मुस्लिम समाज और हमारी जिम्मेदारीः क्या हमारा काम सिर्फ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालना या चंद आँसू बहाना है?

जमीर की जागृतिः हमें अपने अंदर के उस इंसान को जगाना होगा जो मजलूम की चीख सुनकर बेचौन हो जाए।

आर्थिक और वैचारिक बहिष्कारः उन ताकतों को मजबूत करना बंद करना होगा जो उन गोलियों का खर्च उठाती हैं जो फिलिस्तीनी बच्चों के सीने में उतरती हैं।

सामूहिक आवाजः जब तक मुस्लिम और दुसरे समाज जो इंसानियत कायम रखना पसंद करते हैं।अपने हुक्मरानों के गिरेबान पकड़कर उनसे जवाब नहीं माँगेगा, तब तक मिम्बर से ऐसे ही 'भूखे ख़ुतबे' सुनाई देते रहेंगे।

प्रधान संपादक –
हकीम शेख़ मो बहार ए आलम कादरी रजवी

स्मार्ट मीटर से परेशानी आम जनता की जुबानी

(सदा ए बुलंद न्यूज)

लोगों ने क्या कहाः 23 मार्च को 1550 रूपए बिल दिया 7 दिन बाद लाईट काट दी गई 1 अप्रेल को 1000 रूपए एडवांस जमा किए आज 5 अप्रेल को फिर लाईट काट दी गई इस मोदी सरकार से विद्युत विभाग से SDO साहब से गुजारिश है कि कृपया ये बता दें कि माह में 15000 रूपए देना है या फिर 20000 ताकि हम सारे काम छोड़कर हम आपको पैसे देने में लग जायें कोई सुनवाई नहीं हो रही इसलिए मैं इस मीटर में आग लगा रहा हूं इसका जिम्मेदार विद्युत विभाग होगा

अरबाब ए सुखन की सजी अदबी महफिल, शायरों ने खूब अंदाज ए समां बांधा

(तिलहर शाहजहांपुर–सदा ए बुलंद न्यूज) तिलहर शाहजहांपुर बीती रात बज़्म अरबाब ए सुखन की ओर से मोहल्ला घेर चौबा स्थित गुलशन मैडम के घर महाना तरही मुशायरे का आयोजन किया गया जिस में तिलहर के अलावा शाहजहांपुर और मीरानपुर कटरा के शायरों ने शिरकत की मुशायरे की अध्यक्षता शकील तिलहरी ने की और संचालन रईस तिलहरी ने किया मुख्य अतिथि स्वर्गीय शायर हमीद तिलहरी के साहबजादे आरिफ हमीद रहे।

मुशायरे का शुभ आरंभ मसूद हसन खां ने नात ए पाक से किया।

उस्मान आबिद ने कहा–
कहीं अंधेरों का बोलबाला कही,
उजालों का सिलसिला है।
है बात सीधी सी सिर्फ रोटी ही सब बवालों का सिलसिला है।

साजिद सफदर ने सुनाया
जहाँ पे नफरत की धूप झुलसा के रख दे इंसानी बस्तियों को,
मेरी मोहब्बत की वादियों में वहीं गुलाबों का सिलसिला है।

रेहान ताबिश ने कहा–
ये रुख पे रंग ए मलाल क्यों है अयां है आंखों से क्यों उदासी,
यही तो मंजिल तलक गया है जो तेरी राहों का सिलसिला है।

फरीद तिलहरी ने सुनाया–
शजर से कट कर गिरी जो डाली लिपट के रोने लगे परिंदे,
बहुत ही मुश्किल है खत्म करना जो इन से बरसों का सिलसिला है।

शमशाद आतिफ ने कहा–

मता ए हस्ती से जब भी मैने जवाब मांगा तो हंस के बोली,
अंधेरी रातों से पूछता है कहाँ उजालों का सिलसिला है
वहीद तिलहरी ने सुनाया
कहां वो चेहरे कहां वो बातें कहां वो बीते हुए जमाने
न अब वो फूलों की कहकशां है न अब किताबों का सिलसिला है

फैजान तिलहरी ने कहा
तमाम रातों से रात को तुम जो देखते हो वो सच नहीं है
जिसे हकीक़त समझ रहे हो वो सिर्फ खुआबों का सिलसिला है

हसीब चमन ने कहा
अजब है अंजाम इस वफा का अजब जवाबों का सिलसिला है
किसी पे पत्थर बरस रहे हैं कहीं गुलाबों का सिलसिला है

शरीफ आलम ने सुनाया
थके हुए हैं तमाम जज़्बे है मेरे सीने पे बोझ इतना,
कहीं न यूं हो कि टूट जाए जो चंद सांसों का सिलसिला है।

सिफत कटरावी ने कहा–
वो जलवा आरा हैं अंजुमन में या माहताबों का सिलसिला है,
बदन से ख़ुशबू महक रही है हसीं गुलाबों का सिलसिला है।

इनके अलावा शकील तिलहरी खलीक शौक़ गुलशन जहां गुलशन रईस तिलहरी ने भी अपने कलाम पेश किए श्रोता में
रईस मन अनस खान अरमान अली महमूद हसन आमिर मियां साजिद खान राहत खान आदि गणमान्य श्रोता मौजूद रहे अंत में बज़्म के सेक्रेट्री शमशाद आतिफ ने सभी का शुक्रिया अदा किया

गजल की काविश

शायर– असलम तारिक

अमीरजादों की महफिलों में अभी शराबों का सिलसिला है,
बता दो उनको अमल ये उनका फकत अजाबों का सिलसिला है।

खिजां के मौसम की फिक्र छोड़ो भुला दो लम्हें मफारकत के,
चले भी आओ तुम्हारी खातिर हसीं गुलाबों का सिलसिला है।

ये इल्म से है जिन्हें मोहब्बत हमेशा रहते हैं जुस्तजू में,
निकाल लेते हैं वक्त अपना यही किताबों का सिलसिला है।

मोहब्बतों के सफर में मुझको यकीं है इक दिन मिलेगी मंजिल,
अभी तो हासिल है दीद उनकी अभी तो ख्वाबों का सिलसिला है।

मुअम्में जैसा है उसका चेहरा उसे है पढ़ना बहुत ही मुश्किल,
छुपा हुआ तो सवालों में ही कठिन जवाबों का सिलसिला है।

मिजाज लोगों का मुनफरिद है अजब नजारा है जिंदगी का,
कहीं पे पत्थर बरस रहे हैं कहीं गुलाबों का सिलसिला है।

तरक्कियों का बुलंदियों का कमाल जब से हुआ है जाहिर,
इसी लिए ही तो आज तारिक नए खिताबों का सिलसिला है।

चंद्रमा के लिए रवाना हुआ शाहजहांपुर की जन्नत का नाम

(शाहजहांपुर–सदा ए बुलंद न्यूज) चार अंतरिक्ष यात्री 1 अप्रैल, 2026 को नासा के एक विशाल रॉकेट में सवार होकर चंद्रमा के चारों की ओर एक बहुप्रतीक्षित यात्रा के लिए रवाना हुए, जो 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा का पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई है। आर्टेमिस–2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन के साथ ''चलो चांद पर चलते हैं!'' के नारे के साथ अंतरिक्ष में उड़ान का नेतृत्व किया। नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार होने वाली यह अब तक की सबसे विविधतापूर्ण चंद्रयान टीम है, जिसमें पहली महिला, अश्वेत व्यक्ति और गैर–अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। खास बात यह है कि इस अंतरिक्ष यान के साथ लीड कान्चेंट की छात्र जन्नत का नाम भी गया है।

जन्नत बताती हैं कि पिछले वर्ष नासा ने आम लोगों, खासकर बच्चों को आमंत्रित किया था कि वे अपना नाम मिशन के साथ भेज सकते हैं। सबमिशन के बाद उन्हें एक डिजिटल बोर्डिंग पास डाउनलोड करने को मिला था, जिसमें उनका नाम और मिशन का विवरण था। यह एक यादगार स्मृति चिह्न था। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि उनका नाम चंद्रमा के चारो ओर चक्कर लगा रहा है। परीक्षा में हमेशा अव्वल आने वाली छात्रा जन्नत उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद एक एस्ट्रोनॉट बनना चाहती हैं।



इस अवसर पर अर्थियन सोसाइटी के निदेशक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इरफान ह्यूमन ने इस ऐतिहासिक क्षण के बारे में बताया कि यह बच्चों और युवाओं को स्पेस एक्सप्लोरेशन से जोड़ने, उन्हें प्रेरित करने की एक मजेदार प्रक्रिया है। कई माता–पिता अपने बच्चों के नाम विशेष रूप से दर्ज करवाने की इच्छा रखते हैं, ताकि बच्चे कह सकें कि ''मेरा नाम चंद्रमा गया था!'' उन्होंने बताया कि ये नाम एक एसडी कार्ड (मेमोरी कार्ड) पर स्टोर किए गए, जो ओरियन स्पेसक्राफ्ट के अंदर रखा गया। मिशन के दौरान ये नाम चंद्रमा के चारों ओर घूमकर पृथ्वी पर वापस आएंगे। नाम रखने वाला 'राइज' नाम के एसडी कार्ड में जीरो–ग्रेविटी इंडिकेटर के अंदर रखा गया है।

उन्होंने बाताया कि आर्टेमिस–2 में सवार चारों अंतरिक्ष यात्री कक्षा में पहुंच चुके हैं। वे चंद्रमा की ओर रवाना होने से पहले लगभग 25 घंटे तक पृथ्वी की परिक्रमा करेंगे। वे चंद्रमा से कई हजार मील आगे निकल जाएंगे, यू–टर्न लेंगे और फिर सीधे वापस आ जाएंगे। चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाने के अलावा इस बार चंद्रमा पर चलने के लिए रुकने की कोई योजना नहीं है, बस 10 दिनों से भी कम समय में एक त्वरित यात्रा पूरी हो जाएगी।

सेहत सलाह

लू किसे कहते हैं?

(सदा ए बुलंद न्यूज

(Heatwave/Loo) गर्मियों (मई–जून) में उत्तर–पश्चिम भारत में चलने वाली अत्यंत गर्म, शुष्क और धूलभरी हवाएं हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इनका तापमान से अधिक हो सकता है। यह शरीर से अत्यधिक पानी और नमक सोख लेती हैं, जिससे निर्जलीकरण (कमीलकतंजपवद), कमजोरी, चक्कर आना, तेज बुखार और कभी–कभी मौत (हीट स्ट्रोक) का कारण बनती हैं।

लू की प्रमुख विशेषताएं और लक्षण:

प्रकृतिः यह दिन के समय चलने वाली तेज और गर्म हवाएं हैं।

शारीरिक प्रभावः शरीर में पानी की भारी कमी (निर्जलीकरण), थकान, सिरदर्द और मांसपेशियों में ऐंठन।

गंभीर लक्षणः उल्टी, दस्त, बेहोशी और शरीर का तापमान बहुत अधिक (104°F या 40°C से ऊपर) हो जाना।

जोखिम समूहः बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बाहर काम करने वाले लोग सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं।

बचाव के उपायः

हाइड्रेटेड रहें: पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस (ORS) नींबू पानी, लस्सी या छाछ पीते रहें, भले ही प्यास न लगी हो।

बाहर जाने से बचें: दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें।

सुरक्षाः बाहर जाते समय टोपी, छाता, चश्मा और सूती कपड़े पहनें।

ठंडा वातावरणः पंखे, कूलर का उपयोग करें और ठंडे पानी से स्नान करें लू को कैसे ठीक करें? लू लगने (हीट स्ट्रोक) पर व्यक्ति को तुरंत छायादार ठंडी जगह ले जाएं, कपड़े ढीले करें और शरीर पर ठंडा पानी छिड़कें या गीली पट्टी रखें। ओआरएस (ORS) नींबू पानी, आम पना, या नारियल पानी पिलाएं। ज्यादा गंभीर होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि यह एक मेडिकल इमरजेंसी हो सकती है।

लू लगने के मुख्य उपचारः
(Home Remedies for Heatstroke):

शरीर को ठंडा करें: सबसे पहले पीड़ित को पंखे या एसी (AC) में लिटाएं। ठंडे पानी से स्पंजिंग करें या ठंडे पानी में भीगी चादर शरीर पर डालें।

तरल पदार्थ का सेवनः नींबू पानी, ओआरएस का घोल, नारियल पानी, या छाछ का सेवन कराएं ताकि डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) दूर हो।

प्याज का उपयोगः कच्चे प्याज का रस तलवों पर रगड़ें और आम पना में भुना हुआ प्याज मिलाकर पिएं, यह शरीर को ठंडक देता है।

आम पनाः कच्चा आम उबालकर, उसमें काला नमक, जीरा और चीनी मिलाकर पीने से लू में बहुत आराम मिलता है।

खान–पानः तरबूज, खरबूजा, खीरा और ककड़ी जैसे पानी से भरपूर फलों का सेवन करें।

आरामः पीड़ित को आराम करने दें और धूप में बिल्कुल न निकलने दें।
तुरंत अस्पताल कब जाएं?
तेज बुखार (104°F या 40°C से ज्यादा)।
बेहोशी या भ्रम की स्थिति।
उल्टी या जी मिचलाना।
त्वचा का बहुत गर्म और सूखा होना।

लू लगने से शरीर में कौन सी कमी आ जाती है? ऐसा होने के कारण शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती है जिसके कारण शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान लगभग 105°F या इससे अधिक हो जाता है और शरीर में कुछ जटिलताएं उत्पन्न हो जाती है।

हकीमः शेख मौलाना शाही

मुस्लिम पिता अब्दुल हक खान अपनी हिंदू बेटी नंदीनी सिमोलिया का कन्यादान करेंगे

(सदा ए बुलंद न्यूज/ राजगढ़) मध्य प्रदेश के राजगढ़ में मुस्लिम पिता अब्दुल हक खान अपनी हिंदू बेटी नंदीनी सिमोलिया का कन्यादान करेंगे। राजगढ़ के ओल्ड कलेक्ट्रेट रोड स्थित पुरानी बस स्टैंड के पास रहने वाले अब्दुल हक खान बताते हैं कि यूं तो नंदीनी उनकी साली हैं, मगर उन्होंने उसे बेटी मानकर पाला है।

दरअसल, नंदीनी के पिता रतिराम की साल 2010 में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद साल 2012 में मां फूलवती का भी निधन हो गया। माता–पिता के गुजर जाने के बाद नंदीनी की बड़ी बहन प्रीति (आयशा) ने अब्दुल हक खान से लव मैरिज की और नंदीनी को अपने साथ ससुराल ले आई। तभी से नंदीनी इसी परिवार में पली–बढ़ी और पढ़ाई की।

अब नंदीनी की शादी 4 अप्रैल 2026 को ग्वालियर के अंश परमार के जिंदाबाद हाउस में धूमधाम से होगी। इस दौरान दोनों धर्मों के करीब 1500 से 2000 लोगों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अब्दुल हक खान ने कहा कि नंदीनी से उनका भले ही खून का रिश्ता ना हो लेकिन प्यार, जिम्मेदारी और अपनापन से उन्होंने इस रिश्ते को अपना बनाया।

अब्दुल हक खान के अनुसार, नंदीनी ने 12वीं तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय से की और आगे की पढ़ाई ग्वालियर के कॉलेज से पूरी की। इस दौरान नंदीनी और ग्वालियर निवासी अंश परमार की दोस्ती हुई, जो बाद में प्यार में बदल गई। जब नंदीनी ने अपने रिश्ते के बारे में अब्दुल हक खान को बताया, तो उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार किया और प्रेम विवाह की मंजूरी दे दी। अब दोनों का विवाह हिंदू रीति–रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा।

अब और कोई सीजफायर नहीं, कोई बातचीत नहीं या तो जीत या शहादत: ईरान

(आलम ए नजर– सदा ए बुलंद न्यूज) ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक ईरान ने अमेरिका और इजरायल के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है और चेतावनी देते हुए मोजतबा खामेनेई ने व्हाइट हाउस से कहारू "आपने सीजफायर की भीख मांगी ताकि आप फिर से लोड कर सकें कृ हमने आपकी कमजोरी को सामने आने दिया।"

"आप दो हफ्ते में जो भी लाएंगे, हम दो दिन में उसे मिटा देंगे। हमारी मिसाइल और ड्रोन की पावर 10 साल तक खत्म नहीं होगी। हर नुकसान के लिए, हम इसे हजार बार बदल देंगे।"

"हम इंतजार नहीं करेंगे। तेल अवीव पर पूरी ताकत से हमला किया जाएगा कृ कोई भी एनर्जी सेंटर चालू नहीं रहेगा।"

आखिरी चेतावनीः "अब और कोई सीजफायर नहीं। कोई बातचीत नहीं। या तो जीत या शहादत।" रिपोर्ट्स का दावा है कि बड़े टारगेट के लिए 10,000 तक मिसाइलें तैयार हैं।"अगर आप लौटते हैं, तो हम लौटते हैं, और भगवान हमारे साथ है।

सागर वारसी मेमोरियल ट्रस्ट के तहत हुआ महफिल ए मुशायरा व सम्मान समारोह

शायर अजीम शाहजहांपुरी व उर्दू लेखक इरफान अहमद को अवार्ड से नवाजा गया

रिपोर्टः राशिद हुसैन (सदा ए बुलंद न्यूज/शाहजहांपुर) बीती रात मोहल्ला एमन जई, जलाल नगर की अदबी फजा उस वक़्त और भी महक उठी जब मरहूम उस्ताद शाइर सागर वारसी के मकान पर सागर वारसी मेमोरियल ट्रस्ट के अंतर्गत शानदार मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ से आए साजिद ख़ैराबादी ने की। जबकि मुख्य अतिथि अशफाक उल्ला ख़ां और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर गुलाम अशरफ क़ादरी, डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीक़ी व तैय्यब अली ख़ां की मौजूदगी थे। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उर्दू अदब की ख़दिमात के लिए सीनियर शायर अजीम शाहजहांपुरी को "सागर वारसी अदबी अवार्ड –2026" तथा अफसाना निगार इरफान अहमद अंसारी को "सआदत हसन मंटो अदबी अवार्ड– 2026" से नवाजा गया। उन्हें शाल ओढ़ाकर और प्रशस्ति–पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके बाद महफिल ए मुशायरे में साजिद ख़ैराबादी, अजीम शाहजहांपुरी, कदीर मसरूर, वसीम मीनाई, असगर यासिर, हमीद ख़जिर, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, मजहर रामपुरी, शाहिद रजा, हसीब चमन, खलीक़ शौक़, राशिद हुसैन राही, सैयद शारिक़ अक्स, गुलिस्तां ख़ान एडवोकेट, फहीम बिस्मिल, शाहीना ख़ातून शबनम, सबा नक़वी, डॉ. वाजिद तिलहरी, इशरत सगीर, अबू शब्बर ख़ैराबादी , डॉ. शिफा तिलहरी, फैसल फैज, इब्ने हसन, विकास सोनी 'ऋतुराज', रेहान क़ादरी, फरमान चिश्ती आदि शायरों ने अपनी गजलों से श्रोताओं को आनंदित किया।

इस अवसर पर मोहम्मद नक़ी इदरीसी, ख़लीक़ उजज्मां ख़ां, सुधाकर तिवारी एडवोकेट, पार्षद तालिब खां, इमरान सईद ख़ां, मो. लतीफ, गुलरेज ख़ां, आरिफ ख़ां, दिलशाद अहमद खां, अफजल, सादिक़ अली, फुरक़ान ख़ां, यूसुफ ख़ां, मुनीर इदरीसी, निहाल अहमद ख़ान, शमीम अहमद ख़ान आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम के संयोजक सैयद शारिक अक्स और परवेज अहमद ख़ां उर्फ अच्छे मियां ने श्रोताओं का शुक्रिया अदा किया।

काजी रशीद जफर का इंतकाल, सुपुर्दे खाक

रिपोर्ट– राशिद हुसैन (शाहजहांपुर/सदा ए बुलंद न्यूज)

काजी रशीद उज जफर खां का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से लोगों में शोक छा गया। मंगलवार को पैतृक कब्रिस्तान में उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।महानगर के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में रहने वाले काजी रशीद उज जफर खां पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार शाम को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनका इंतकाल हो गया। 80 वर्षीय काजी रशीद उज जफर अपने पीछे पत्नी नाजरा बेगम, दो पुत्रों जाजिब खां, मोअज्जम खां और विवाहित पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद 1995 में उन्हें नायब काजी बनाया गया। वह मोहल्ले में काजी वाली मस्जिद में इमामत भी करते थे। सोमवार सुबह 10 बजे उनकी नमाजे जनाजा हाफिज मोहम्मद उवैस चिश्ती ने अदा कराई। इसके बाद जनाजे को कंधा देकर कब्रिस्तान तक लाया गया। सोगवार माहौल में उन्हें सुपुर्दे कर दिया गया।

उ नके इंतकाल पर शहर काजी सैयद सैफ हसन, शिक्षक निसार हुसैन खां, फरीदी खान, सईद जफर, लतीफ रशीदी, तालिब खां, हफीज उल कदर, फरीद खां, मंजूर हसन, फैसल रजा कादरी, सूफी खलीक अहमद साबरी, नायब काजी मोहम्मद मोनिस खां, गजनफर खां, तारिक खां, राशिद हुसैन, हनीफ खां, आसिम खां, आमिर खां, खावर खां, इमरान खान आदि थे।

एक नज़र में

इजरायल–अमेरिका और ईरान युद्ध से सिर्फ गैस तेल से ही नहीं, शुद्ध हवाओं दवाओं को भी तरसेगी दुनिया

सदा ए बुलंद न्यूज) इजरायल–अमेरिका और ईरान युद्ध के चलते दुनिया पर सिर्फ तेल और गैस का संकट ही नहीं पैदा हुआ है, बल्कि अब कई देशों में दवाओं और खाद्य पदार्थों का भी भारी संकट खड़ा हो गया है। इससे लाखों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है। इस विकराल समस्या को लेकर सहायता संगठनों ने चेतावनी दी है कि मध्य पूर्व में चल रहा युद्ध उनके लिए दुनिया भर में जरूरतमंद लाखों लोगों तक भोजन और दवाइयां पहुंचाने की क्षमता को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। यदि हिंसा जारी रही तो लोगों की पीड़ा और गहरी हो जाएगी।

ब्वायफ्रेंड के साथ मुस्लिम बुर्का पहन कर हिंदू ने सर्राफ की दुकान से नकली पिस्टल दिखाकर करीब 3.6 लाख रुपये लूटे

(सदा ए बुलंद न्यूज – अयोध्या)अयोध्या में बुर्का पहनकर ज्वेलरी शॉप में लूट करने वाली युवती हिंदू निकली। पुलिस ने गुरुवार देर रात युवती पायल (25) और उसके साथी राहुल (27) को गिरफ्तार कर लिया। घटना रुदौली कोतवाली क्षेत्र के कोठी बाजार की है। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे पायल बुर्का पहनकर दुकान में घुसी और नकली पिस्टल दिखाकर करीब 3.6 लाख रुपये के सोने के हार और चेन लूट लिए। वारदात के समय राहुल थोड़ी दूरी पर बाइक लेकर खड़ा था। लूट के बाद पायल उसके साथ फरार हो गई। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

सभी देश पूरी ताकत से इस पागल ट्रम्प को रोको: पूर्व आईएईए प्रमुख एल बरदेई

(आलम ए नजर– सदा ए बुलंद न्यूज) IAEA के पूर्व चीफ ने खाड़ी देशों और यूएन से ट्रंप को रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पागल को रोको। पूर्व आईएईए प्रमुख एल बरदेई ने संघर्षों के बढ़ने की चेतावनी देते हुए फारस की खाड़ी के देशों और संयुक्त राष्ट्र से ट्रंप को रोकने का आह्वान किया और कहारू इस पागल को रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दें, इससे पहले कि वह पूरे क्षेत्र को आग की लपटों में जला दे।

घर में जेवर छोड़ दिए गैस सिलेंडर चुरा ले गए चोर

(सदा ए बुलंद न्यूज) देश में LPG संकट के बीच चोरों का भी टारगेट बदल गया है. अब चोरों के निशाने पर कीमती गहने नहीं बल्कि सिलेंडर है. हाल ही में प्रयागराज से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां चोर जेवरात और अन्य चोर घर में घुसे, कीमती सामान नहीं सिर्फ गैस सिलेंडर उठाकर ले गए. सुबह जब परिवार के लोग उठे तो रसोई में रखा सिलेंडर गायब देखकर हैरान रह गए.

तीसरा कक्षा की छात्रा को 50 साल के शिक्षक ने दुष्कर्म करके गर्भवती बनाया

(सदा , बुलंद न्यूज) झारखंड के चतरा जिले में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा गर्भवती पाई गई है। इसके बाद से पूरे इलाके में बवाल मचा हुआ है। छात्रा ने बताया कि स्कूल में एक शिक्षक उसके साथ दुष्कर्म था। आरोपी शिक्षक की उम्र 50 साल है। मामला एक अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय का है, जहां पदस्थ शिक्षक शंकर प्रसाद ने अपनी मर्यादा को तार–तार करते हुए मासूम बच्ची को हवस का शिकार बनाया। इस घिनौने कृत्य का खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग छात्रा गर्भवती पाई गई।

अल मुश्किल कुशा खानकाह नेशनल सोसायटी का जबरदस्त इस्लाही और फरोग ए तालीमी प्रोग्राम

जश्न नन्हें मुन्ने नमाजी–मुकाबला में फर्स्ट मो.अफजल, सेकेंड असरा, थर्ड गुलाम गौस ने इनाम में मारी बाजी

(इस प्रोग्राम में 5–12 साल के बच्चों ने दुनिया और दीनी जनरल नॉलेज के लिए पार्टिसिपेट किया था और बहुत ही अच्छे तरीके से तैयारियां करके सवाल का जवाब दिया जिससे बच्चों को नमाज इंसानियत कामयाबी की मंजिल व देश भक्त का जज्बा हौसला हिम्मत सीखाया गया)

(सदा ए बुलंद न्यूज/गोला लखीमपुर खीरी) अल मुश्किल कुशा–ख़ानकाह नेशनल सोसायटी की जानिब से ईमान ए बेदारी मुहिम के तहत् सैकड़ों बच्चों ने गोला लखीमपुर मोहल्ला ईदगाह इस्लामिया जुनियर हाई स्कूल में जश्न ए नन्हें मुन्ने नमाजी मुकाबला में हिस्सा लिया। इस प्रोग्राम में शहर ब्लाक और 5 गांव के सैकड़ों नन्हें मुन्ने बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम में 40 दिनों से बच्चे दीन इस्लाम और दुनियावी जनरल नॉलेज के सवाल और जवाब के पर्चे खानकाह की तरफ से तैयार करके बच्चों को मुहैय्या करा दिये थे। जिसको बच्चों ने खूब अच्छे से हिफ्ज किया और पांच जजों की पीठ द्वारा पूछे जाने पर सवाल के जवाब दिए। और जो बच्चों ने 40 दिनों तक बगैर नागा किए पांच वक्त नमाजें कसरत से पढ़ी उन्हें सात दर्जों के हिसाब से रेंक पोजीशन पर ईनाम दिये गये।

इन बच्चों को ईनाम मिलाः– फर्स्ट मो.अफजल, को रेंजर साईकिल सेकेंड असरा, कुलर थर्ड गुलाम गौस स्टडी टेबल और सादिया, शाहिद, शिफा, आफरीन,सय्यान,तजीना,सिदरा,मेहताब, जैनब,फिजा,वजीहा,निशा,साहिल, शाइस्ता,सोहान, हमज़ा, तरन्नुम,समाइरा को टिफिन बॉक्स पानी की बोतलें वितरण किये गये इस प्रोग्राम में बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और बेहतरीन मेहनत की। राष्ट्रीय सदर शेख़ मौलाना शाही ने कहा कि सोसायटी ऐसा कार्यक्रम करवा रही है जिससे हमारे देश के बच्चे होनहार शिक्षित हुनरमंद बनें और अपने से बड़ों का आदर सम्मान करें मां बाप की फरमाबरदारी करें और ये प्रोग्राम मुल्क के हर राज्य शहर कस्बों में लगातार किया जा रहा है बच्चों को कामयाब बनाने के लिए डाक्टर इंजीनियर वकील वैज्ञानिक और तकनीकी ढांचे को मजबूत करने के लिए बुनियादी स्तर से ये सीखाने की कोशिश की जाती है कि आप अपने मां बाप टीचर की आज्ञा का पालन करेंगे तो हर लाईन में कामयाब होने मोबाइल से हर हाल में दूर रहने को बताया गया। इस प्रोग्राम में बच्चों ने पढ़ाई–लिखाई और किताबों को पढ़ने के लिए अच्छी तैयारी की।

सोसायटी साल में चार प्रोग्राम जश्न ए वालिदैन, जश्न ए मियां बीवी और जश्न ए नन्हें मुन्ने नमाजी मुकाबला और जश्न ए सम्मान समारोह करवाती है इन आयोजनों में सभी धर्म के लोग शामिल रहते हैं। ऐसे प्रोग्राम्स से हमारे समाज की बड़ी छोटी बुराईयां बुनियादी स्तर से जड़ से खत्म हो रही हैं। और बच्चे जो हमारे देश के भविष्य हैं उन्हें पढ़ाई की तरफ आकर्षित किया जा रहा है और बच्चों के अंदर राष्ट्रीय एकता सभ्यता अखंडत संप्रभुता का संचार विकास हो रहा है। प्रोग्राम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बानी प्रधान संपादक– मौलाना शाही शेख़ मो. बहार ए आलम कादरी ने सभी बच्चों को ईनाम तकसीम किए।

ब्लाक प्रमुख मौलाना शाहबाज रजा हाजी राजा जफर,जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी,सैयद मोहम्मद आसिफ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव,प्रिंसिपल जुबेर खान, मैनेजर – वकारुल्लाह ख़ान,मास्टर सबील अहमद, मास्टर नदीम खान, मास्टर शफी अहमद,मास्टर सोहेल खान मौलाना अब्दुल गनी मौलाना अफसर रजा बरकाती शेख़ मौलाना शाही इंतजामिया कमेटी में रेहान दानाई,कदीर ख़ान, शाहजाद खान, शाहबाज रजा, मो. मुईद आदि लोग शामिल हुए

क्या इजरायल में कयामत आने वाली है, पहले लाखों कौवों मंडराना अब मधुमक्खियों का हमला

(आलम ए नजर– सदा ए बुलंद न्यूज) इजरायल बीते कुछ वर्षों से अलग–अलग देशों के साथ युद्ध में उलझा है लेकिन हालिया दिनों में एक नई टेंशन देश में देखी जा रही है। दक्षिण इजरायल के नेतिवोट शहर में मधुमक्खियों के बड़े झुंड देखे गए हैं, जिन्होंने गाड़ियों और आम लोगों पर हमले किए हैं। जहरीली मधुमक्खियों ने पूरे पूरे शहर पर हमला बोल दिया। ऐसा देखा गया है कि जैसे मधुमक्खियों की बारिश हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे एक बुरे संकेत की तरह देखा है। इससे पहले तेल अवीव में कौवों के बड़े–बड़े झुंड देखे गए थे। उन्होंने बड़े हमले करके हाई–वे पर जाम लगा दी थी। सोशल यूजर्स का दावा है कि यह तबाही के संकेत हैं, जिसका जिक्र बाइबिल और कुरान में मिलता है।

दक्षिणी इजरायल के नेतिवोट शहर पर हजारों लाखों मधुमक्खियों के हमला करने के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इससे ना सिर्फ आम लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ा रहा है बल्कि कुछ विमानों को भी उड़ान भरने में दिक्कत हुई है। इजरायली अधिकारियों को इससे पार पाने के लिए विशेष टीमें बनाने का फैसला लेना पड़ा है। क्या ये कुदरती अजाब नहीं है। इजरायल के हमले में मारे गए हजारों मासूमों के साथ फिलिस्तीनियों और ईरानियों की आह और बद्दुआ नहीं है। ऐसे लाखों सवाल सोशल मीडिया पर अपडेट किए जा रहे हैं। लेकिन इजरायल को ऐसे संकेत समझ नहीं आ रहे।

मामूड़ी ककरा में जब मर्जी होती है तब नगर निगम के अधिकारी गरीबों के घरौंदों पर जेसीबी चलाने लगते हैं

सदा ए बुलंद न्यूज/शाहजहांपुर) नगर निगम के अधिकारी एक बार फिर अपनी मनमानी पर उतर आए मामूडी ककरा स्थित पुरानी खाली पड़ी रेलवे लाइन पर कुछ गरीब बेघर परिवारों ने बास बल्ली पन्नी तानकर अपने आशियाने बना लिए,नाला खुदाई के नाम पर नगर निगम के कर्मचारी जेसीबी लेकर उन मकानों को गिराने लगे सूचना पाकर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और इस कार्यवाही का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इस समय लगातार मौसम खराब हो रहा है किसी भी समय बारिश होने लगती है ऊपर से बैगर सोचे समझे नगर निगम के अधिकारी इन घरों को गिराने में लगे ये गरीब लोग इस मौसम में कहा जाएंगे।

उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि अभी पिछली गलती हम भूले नहीं दरी और माइक हर समय गाड़ी में पड़ा रहता है जरा दिल और दिमाग से काम करो।विकास के नाम पर जनता को तंग मत करो रजनीश गुप्ता ने संबंधित अधिकारी से फोन पर वार्ता कर इन परिवारों के रहने के लिए उचित प्रबंध न होने तक इस कार्यवाही को रोकने की मांग की जिस पर जेसीबी कार्यवाही को रोक दिया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से अनिल श्रीवास्तव,गौरव त्रिपाठी, वकार आलम,अफजाल खान,सईद अंसारी,प्रत्यूष मिश्रा मौजूद रहे।

جس سمت دیکھئے وہ علاقہ حضور تاج الشریعہ کا ہے

24,25 اپریل 2026 کو بڑی دھوم دھام سے بریلی میں منایا جائے گا عرسِ تاج الشریعہ

(صدائے بُلند نیوز) جہاں مالک قدیر نے آپ کو، نامور آباؤ اجداد اور معزز ومقدس قبیلہ میں پیدا فرمایا وہیں آپ کی اولاد اور خاندان میں بھی بے شمار بے مثال ولاجواب افراد پیدا فرمائے۔ استاد زمن، حجۃ الاسلام، مفتء اعظم، مفسر اعظم، حکیم الاسلام، ریحان ملت، صدر العلماء، امین شریعت جس کسی کو دیکھ لیجئے ہر ایک اپنی مثال آپ ہے۔ انہی میں ایک نام سرسبز وشاداب باغِ رضا کے گل شگفتہ، روشن روشن فلک رضا کے نیر تاباں قاضی القضاۃ فی الہند، جانشین مفتء اعظم، حضور تاج الشریعہ حضرۃ العلام مفتی محمد اختر رضا خاں قادری ازہری دام ظلہ علینا کا بھی ہے۔

حضور تاج الشریعہ دام ظلہ، علینا مفسر اعظم ہند حضرت علامہ مفتی محمد ابراہیم رضا خاں قادری جیلانی کے لخت جگر، سرکار مفتء اعظم ہند علامہ مفتی مصطفیٰ رضا خاں قادری نوری کے سچے جانشین، حجۃ الاسلام حضرت علامہ مفتی محمد حامد رضا خاں قادری رضوی کے مظہر اور سیدی اعلیٰ حضرت امام اہلسنّت مجدد دین وملت الشاہ امام احمد رضا خاں قادری برکاتی بریلوی کی برکات وفیوضات کا منبع اور ان کے علوم وروایتوں کے وراث وامین ہیں۔

ان عظیم نسبتوں کا فیضان آپ کی شخصیت میں اوصاف حمیدہ اور اخلاق کریمانہ کی صورت میں جھلک رہا ہے۔ استاذ الفقہاً حضرت علامہ مفتی عبد الرحیم صاحب بستوی دامت برکاتہم القدسیہ حضور تاج الشریعہ دام ظلہ، علینا پر ان عظیم ہستیوں کے فیضان کی بارشوں کا تذکرہ ان الفاظ میں کرتے ہیں: ''سب ہی حضرات گرامی کے کمالات علمی وعملی سے آپ کو گراں قدر حصہ ملا ہے۔ فہم و ذکا، قوت حافظہ وتقویٰ سیدی اعلیٰ حضرت سے، جودت طبع ومہارت تامہ (عربی ادب) میں حضور حجۃ الاسلام سے، فقہ میں تبحر و اصابت سرکار مفتء اعظم ہند سے، قوت خطابت وبیان والد ذی وقار مفسر اعظم ہند سے یعنی وہ تمام خوبیاں آپ کو وارثتہً حاصل ہیں جن کی رہبر شریعت وطریقت کو ضرورت ہوتی ہے۔ ''] پیش گفتار، شرح حدیث نیت/صفحہ:

ولادت باسعادت: حضور تاج الشریعہ دام ظلہ، علینا کی ولادت باسعادت ۲۶/محرم الحرام ھ بمطابق ۲/فروری ۱۹۷۳ء

بروز منگل ہندوستان کے شہر بریلی شریف کے محلّہ سوداگران میں ہوئی۔

اسم گرامی: آپ کا اسم گرامی ''محمد اسماعیل رضا'' جبکہ عرفیت ''اختر رضا'' ہے۔ آپ اختر تخلص استعمال فرماتے ہیں۔ آپ کے القابات میں تاج الشریعہ، سلطان الفقہاء، جانشین مفتء اعظم، شیخ الاسلام و المسلمین زیادہ مشہور ہیں۔

